**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1639**
**उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2026**

**मोबाइल नेटवर्क/इंटरनेट सेवाएं**

1639. **श्रीमती लवली आनंदः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार को जानकारी है कि बिहार के ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों, विशेषकर शिवहर में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएं संतोषजनक नहीं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान बिहार और शिवहर जिले में लगाए गए 4जी/5जी मोबाइल टावरों की संख्या कितनी है और उनका वर्ष वार ब्यौरा क्या है;
(ग) बिहार और शिवहर में मोबाइल नेटवर्क और ब्रॉडबैंड के विस्तार के लिए 'डिजिटल भारत निधि' और अन्य केंद्रीय योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत की गई, पूरी हो चुकी और वर्तमान में चल रही परियोजनाओं की संख्या कितनी है और उनका ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने ऐसे गाँवों को चिह्नित किया है जहाँ नेटवर्क कवरेज नहीं है या नेटवर्क कनेक्टिविटी खराब है और यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है और उन्हें कवर करने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है; और
(ङ.) क्या सरकार का शिवहर सहित बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में अतिरिक्त मोबाइल टावर लगाने और दूरसंचार संबंधी अवसंरचना का उन्नयन करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर)**

(क): भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) सेवा गुणवत्ता (क्यूओएस) विनियम में यथा निर्धारित विभिन्न सेवा गुणवत्ता मापदंडों के बेंचमार्क के तहत सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन की निगरानी करता है। मोबाइल सेवाओं के लिए मई 2026 माह के लिए ट्राई द्वारा प्रकाशित कार्य निष्पादन निगरानी रिपोर्ट के अनुसार सभी सेवा प्रदाता बिहार लाइसेंस सेवा क्षेत्र, जिसमें शिवहर जिला शामिल है, में नेटवर्क से जुड़े सभी क्यूओएस पैरामीटर के बेंचमार्क को पूरा कर रहे हैं।

(ख): बिहार और शिवहर जिले में स्थापित 4जी/5जी मोबाइल टावर का ब्योरा इस प्रकार हैं:

| **राज्य/जिले का नाम** | **वित्त वर्ष** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** | **2025-26** | **2026-27 (30.06.2026 तक)** |
| बिहार | 10,305 | 22,836 | 4,976 | 12,150 | 2,430 |
| शिवहर (जिला) | 47 | 100 | 31 | 70 | 23 |

(ग) से (ङ): बिहार के अनकवर्ड गावों में मोबाईल कवरेज डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिया जा रहा है। इन योजनाओं में सेवा से वंचित सीमावर्ती और प्राथमिकता वाले 354 गांव, आकांक्षी जिले के सेवा से वंचित 502 गांव, वामपंथी उग्रवाद (एलडबल्यूई) चरण-I उन्नयन, एलडबल्यूई चरण-II और 4जी सेचुरेशन परियोजनाएं शामिल हैं। डीबीएन मोबाइल परियोजनाओं के अंतर्गत शिवहर जिले के किसी गांव को नियोजित नहीं किया गया है।

दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार डीबीएन वित्तपोषित विभिन्न मोबाइल परियोजनाओं के अंतर्गत बिहार में 388 टावर लगाकर 481 गांव/लोकेशन को 4जी से कवर किया गया है।

****